अमर उजाला

बरेली
मंगलवार, 7 नवंबर 2023
कार्तिक कृष्ण-दशमी
विक्रम संवत 2080

PAGE NO : 09 TOP

सुहानी महाजन और सार्थ मिश्रा बने चैंपियन

गाजियाबाद के खिलाड़ियों ने अपने नाम किया पुरुष-महिला वर्ग का खिताब

संवाद न्यूज एजेंसी

बरेली। गाजियाबाद की सुहानी महाजन और सार्थ मिश्रा ने 10वीं श्रीराम मूर्ति मेमोरियल, तृतीय यूपी स्टेग प्रतियोगिता में क्रमशः महिला और पुरुष वर्ग का खिताब जीता है।

टूर्नामेंट के अंडर-19 के सेमीफाइनल में यूपी के दूसरे वरीय खिलाड़ी श्रीधर जोशी ने देश के दूसरे वरीय खिलाड़ी दिव्यांश श्रीवास्तव को 11-7, 11-8, 4-11, 11-7 से हराया। हालांकि श्रीधर जोशी फाइनल में सार्थ मिश्रा से हार गए। राज्य रैंकिंग टेबल टेनिस टूर्नामेंट का सोमवार को समापन हुआ। 12 स्पर्धाओं में से छह का रविवार को फाइनल खेला गया।

कोच अंपायर को किया सम्मानितः कोच, अंपायर और अन्य सपोर्टिंग स्टाफ को भी सम्मानित किया गया।

इस दौरान यूपीटीटीए के डायरेक्टर अरुण बनर्जी, प्रेसीडेंट संजीव पाठक, टूर्नामेंट डायरेक्टर एनके लाहिरी, बरेली टेबल टेनिस संघ के सचिव दीपेंद्र मेहरा, डीन डॉ. प्रभाकर गुप्ता कामथान, ट्रस्ट सलाहकार सुभाष उपस्थित रहे।

एसआरएमएस में विजेता खिलाड़ी ट्रॉफी व प्रमाणपत्रों के साथ। स्रोत : संस्थान

फाइनल में यह रहा परिणाम

पुरुष फाइनल में सार्थ मिश्रा ने दिव्यांश श्रीवास्तव को, महिला फाइनल में सुहानी महाजन ने आरती चौधरी को, बालक (अंडर 19) में सार्थ मिश्रा ने श्रीधर जोशी को हराया। बालिका (अंडर-19) में सुहानी महाजन ने दिशा को हराया। जूनियर बालक (अंडर-17) में मौलिक चतुर्वेदी ने रौनक सिंह को पराजित किया। जूनियर बालिका (अंडर-17) में सुहानी महाजन ने दिशा को हराया। सब जूनियर बालक (अंडर-15) में वीर वाल्मीकि ने अर्णव पंवार को हराया। सब जूनियर बालिका (अंडर-15) में अनोखी केसरी ने याशिका तिवारी को, कैडेट ब्वॉयज (अंडर-13) में वीर वाल्मीकि ने लक्ष्य कुमार को हराया। कैडेट गर्ल्स (अंडर 13) अनोखी केसरी ने शालिनी देवी को मात दी। होप्स ब्वायज (अंडर 11) में लक्ष्य कुमार ने मोहक मिश्रा को हराया। होप्स गर्ल्स (अंडर-11) में अंशिका मिश्रा ने न्याला नासा को मात दी।